ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 24.07.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- सावन माह के दृष्टिगत अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा आज दिनांक 24.07.2021 को नगर क्षेत्र में बने प्रमुख मन्दिरों का किया गया निरीक्षण।

- शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में स्थित थानावार नामित किये अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 24.07.2021 को समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गई जन–समस्यायें।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 24.07.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत दिनांक आज दिनांक 24.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 24.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. सावन माह के दृष्टिगत अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा आज दिनांक 24.07.2021 को नगर क्षेत्र में बने प्रमुख मन्दिरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त द्वारा सावन माह के दृष्टिगत प्रमुख मन्दिरों– बाबा विश्वनाथ मन्दिर, बनखण्डीनाथ मन्दिर, चौकसी मन्दिर, द्वारिकाधीस मन्दिर एवं अन्य क्षेत्रों में बने मन्दिरों में सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल की आपूर्ति व प्रकाश व्यवस्था सम्बन्धी कार्यो का जायजा लिया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा मन्दिरों में प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान के तहत सफाई व चूने छिड़काव का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग व सेनेटाइजेशन के कार्य को कराये जाने व शुद्व पेयजल की आपूर्ति सुचारु रुप से किये जाने व प्रकाश व्यवस्था को दुरस्त रखे जाने हेतु संबन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह के साथ महाप्रबन्धक जल रमेशचन्द्र रघुवंशी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, राजमंगल सिंह उपस्थित रहें।

2. शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में स्थित थानावार नामित किये अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 24.07.2021 को समाधान दिवस के अवसर पर जन–समस्याय सुनी गई। शासन द्वारा नगर क्षेत्र में बने थानों में समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही नगरीय क्षेत्रों में स्थित थानों पर थानावार अधिकारी नामित करने के निर्देश भी दिये गये। जिसके अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम से थानावार अधिकारी नामित किये गये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि नामित किये गये अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को संबन्धित थानों में उपस्थित रहकर नगर निगम की सेवाओं से संबन्धित शिकायतें सुनकर उनका निर्धारित समयावधि 05 दिवस में समाधान सुनिश्चित करायेगें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा थाना सदर बाजार से सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, थाना कोतवाली से सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, थाना रामचन्द्र मिशन से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह व थाना रोजा में कर निर्धारण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह बीसेन को नामित किया गया। जिनके द्वारा आज दिनांक 24.07.2021 को संबन्धित थानों में उपस्थित रहकर जन–समस्याओं को सुना गया व प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही थानों में आयोजित होने वाले समाधान दिवस के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा थानों में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित कियें जाने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम को दिये गये। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 24.07.2021 को नगर क्षेत्र में स्थित थानों पर सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया।

3. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 24.07.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में निसरजई, सफाई जोन–02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में मामूड़ी, सफाई जोन–03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में हुण्डालखेल, सफाई जोन–04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में किला एवं सफाई जोन–05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में ख्वाजा फिरोज में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देश दिये गये है। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार दिनांक 25.07.2021 को एमनजई जलालनगर, मुल्लाखेल, यूनुसखेल, तिराही, फत्तेपुर रेती में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

5. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 24.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालगनर, निसरजई में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा कटिया टोला, निशात रोड, मामूड़ी व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा बेरी चौकी से मालखाना मोड़ तक, मालखाना मोड़ से अंजान चौकी तक, अम्बा टॉकीज रोड से लोहारों वाले चौराहें तक, लाहारों वाले चौराहें से हद्दफ चौकी तक एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा साउथ सिटी, गार्डेन स्टेट, रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा सराय काईयां, गढ़ी गाड़ीपुरा, तारीन गाड़ीपुरा, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 24.07.2021 को लगभग 6565 स्थलों तथा 750 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।